C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:36 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:50 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

*तपश्चारिणी त्वंहि तापत्रय निवारणी।*
*ब्रह्मरूपधरा ब्रह्मचारिणी प्रणमाम्यहम॥*
*शंकरप्रिया त्वंहि भुक्ति-मुक्ति दायिनी।*
*शान्तिदा ज्ञानदा ब्रह्मचारिणीप्रणमाम्यहम॥*



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 259 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 10 अप्रैल 2024

चैत्र नवरात्रि: दूसरे दिन करें ...पेज-4 पर

## संदेशखाली में महिलाओं के उत्पीड़न और जमीन पर कब्जे की जांच करेगी सीबीआई

कोलकाता

एजेंसी

सीबीआई संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ हुए अत्याचार और स्थानीय लोगों की जमीन को कब्जाने के आरोपों की जांच करेगी। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली की घटना को लेकर खूब हंगामा हुआ था। अब कलकत्ता हाईकोर्ट ने संदेशखाली में महिलाओं पर हुए अत्याचार और जमीन कब्जाने के आरोपों की जांच सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया है। संदेशखाली में ईडी के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच भी सीबीआई द्वारा ही की जा रही है। संदेशखाली



मामले में भी टीएमसी नेता शाहजहां शेख और उसके साथियों पर आरोप हैं। शाहजहां शेख ईडी टीम पर हमले का भी आरोपी है। बुधवार को अपने आदेश में कलकत्ता हाईकोर्ट ने कोर्ट की निगरानी में संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ हुए अपराध, जमीन कब्जाने जैसे आरोपों की सीबीआई जांच का आदेश दिया। बीते गुरुवार को उच्च न्यायालय ने संदेशखाली की घटनाओं को लेकर राज्य सरकार को फटकार लगाई थी। कोर्ट ने संदेशखाली में हिंसा के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि यह मामला बेहद शर्मनाक है। यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि वह हर नागरिक को सुरक्षा प्रदान करे। कोर्ट ने कहा था कि संदेशखाली मामले में जिला प्रशासन और पश्चिम बंगाल सरकार दोनों को नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए। हाईकोर्ट ने कहा कि %यहां 100 फीसदी जिम्मेदारी सत्तारूढ़ सरकार की है। अगर किसी नागरिक की सुरक्षा खतरे में है तो सरकार जिम्मेदार है। अगर पीड़ित पक्ष की वकील जो भी कह रही हैं, उसमें एक फीसदी की भी सच्चाई है तो यह बेहद शर्मनाक है। संदेशखाली में स्थानीय महिलाओं ने आरोप लगाए थे कि स्थानीय टीएमसी नेताओं ने जबरन उनकी जमीन पर कब्जा कर रखा है। कुछ महिलाओं ने टीएमसी नेताओं पर दुष्कर्म के गंभीर आरोप भी लगाए। इस मुद्दे पर बंगाल की राजनीति में उबाल आ गया था। दरअसल संदेशखाली मामले का मुख्य आरोपी टीएमसी नेता शाहजहां शेख है। शाहजहां शेख ईडी टीम पर हमले का भी आरोपी है। साथ ही बंगाल के राशन घोटाले में भी उसका नाम है। यही वजह है कि भाजपा ने इस मुद्दे पर टीएमसी सरकार को घेर लिया और सरकार पर आपराधिक तत्वों को शह देने का आरोप लगाया। साथ ही भाजपा ने राज्य पुलिस पर भी पक्षपातपूर्ण कार्रवाई करने के आरोप लगाए। भारी दबाव के बाद बंगाल पुलिस ने बीती 29 फरवरी को मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को गिरफ्तार किया। होईकोर्ट में मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की गई। ऐसे में हाईकोर्ट के आदेश के बाद शाहजहां शेख को सीबीआई को सौंप दिया गया।

## News कॉर्नर

### मशीन की चपेट में आकर मजदूर की हुई मौत

**रुड़की।** रुड़की के झबरेड़ा में सामान के पैकेट उठाने वाली मशीन के नीचे दबकर एक मजदूर की मौत हो गई। ग्रामीणों ने फैक्टरी पहुंचकर हंगामा करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। पुलिस ने घटना स्थल पर जाकर स्थिति को संभाला। जानकारी के अनुसार, झबरेड़ा थाना क्षेत्र के बूढ़पुर नूरपुर गांव के समीप एक पेपर बनाने की फैक्टरी है। बूढ़पुर निवासी सोहित(22) इसी फैक्टरी में नौकरी करता था। सोमवार को उसकी रात की ड्यूटी चल रही थी। देर रात वह कानों में मोबाइल की लीड लगाकर कार्टन के पैकेट बिछाकर लेट गया। इसी दौरान पेपर के पैकेट उठाने वाली ट्रैक्स मशीन ने पैकेट उठाए तो मजदूर मशीन की चपेट में आकर उसके नीचे दब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मजदूर की मौत की सूचना उसके परिजनों को लगी तो फैक्टरी में घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने फैक्टरी प्रबंधन के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाते हुए बूढ़पुर मार्ग पर जाम लगा दिया। पुलिस ने घटना स्थल पर जाकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण फैक्टरी मालिक के खिलाफ कारवाई करने व उनसे वार्ता की जिद् पर अड़े रहे।

### 20 पेटी शराब समेत तस्कर गिरफ्तार

**भीमताल।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए एसएसपी पीएन मीणा ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरुद्ध कडी कार्यवाही करने के निर्देश के क्रम में थानाध्यक्ष भीमताल जगदीप नेगी के नेतृत्व में पुलिस ने चैकिंग के दौरान चन्दा देवी मन्दिर के पास एक व्यक्ति को शराब तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया है। उसके पास से 20 पेटी देशी शराब बरामद हुई है। पकड़ा गया आरोपी राम बहादुर पुत्र बुदे परिहार भीमताल का रहने वाला है।

सुप्रीम कोर्ट की पीठ के समक्ष योग गुरु बाबा रामदेव का हलफनामा पढ़ा

## सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को लगाई फटकार





नई दिल्ली

एजेंसी

पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन मामले में वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने सुप्रीम कोर्ट की पीठ के समक्ष योग गुरु बाबा रामदेव का हलफनामा पढ़ा, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह विज्ञापन के मुद्दे पर बिना शर्त माफी मांगते हैं।

योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के एमडी आचार्य बालकृष्ण ने अपने उत्पादों को लेकर बड़े-बड़े दावे करने वाली कंपनी द्वारा जारी विज्ञापनों पर एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगी। इस पर शीर्ष अदालत ने जमकर फटकार लगाई। कहा कि हम अंधे नहीं हैं। हम माफीनामा स्वीकार करने से इनकार करते हैं।

वहीं, यह भी कहा कि वह केंद्र के जवाब से संतुष्ट नहीं है। बता दें, अब अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति ए अमानुल्लाह की पीठ ने कहा, %माफी केवल कागज पर है। हम इसे स्वीकार करने से इनकार करते हैं, हम इसे जानबूझकर आदेश का उल्लंघन मानते हैं। सुनवाई की शुरुआत में पीठ ने कहा, जब तक मामला अदालत में नहीं आया, अवमाननाकर्ताओं ने हमें हलफनामे भेजना उचित नहीं समझा। उन्होंने इसे पहले मीडिया को भेजा, कल शाम साढ़े सात बजे तक यह हमारे लिए अपलोड नहीं किया गया था। वे ( रामदेव और बालकृष्ण) स्पष्ट रूप से प्रचार में विश्वास करते हैं।

## गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर हिमखंड टूटा, रास्ता बंद

देहरादून/रुद्रप्रयाग

हमारे संवाददाता

हिमखंड टूटने की रफ्तार इतनी तेज थी कि बर्फ रास्ते को पार कर कुछ ही देर में गहरी खाई तक पहुंच गई।

गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर कुबेर गदेरे में हिमखंड टूटने से रास्ता बंद हो गया। रास्ते में लगभग 100 मीटर क्षेत्र में टनों बर्फ फैलने से इसे साफ करने में चार से पांच दिन लग सकते हैं। मंगलवार को पैदल मार्ग पर कुबेर गदेरे पर पसरे हिमखंड का ऊपरी हिस्सा भरभराकर ढह गया, जिससे टनों बर्फ रास्ते के 100 मीटर चौड़ाई वाले हिस्से में फैल गई। हिमखंड टूटने की रफ्तार इतनी तेज थी कि बर्फ रास्ते को पार कर कुछ ही देर में गहरी खाई तक पहुंच गई। गनीमत रही कि इस दौरान पैदल मार्ग पर घोड़े-खच्चरों की आवाजाही नहीं हो रही थी।

पैदल मार्ग पर टीएफटी, भैरव गदेरा, कुबेर गदेरा, हथनी गदेरा सहित छह स्थानों पर हिमखंड जोन है, जहां पर बर्फ काटकर रास्ता बनाया गया है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता विनय झिक्रांण ने बताया, हिमस्खलन की घटना के दौरान रास्ते में दोनों तरफ से कोई आवाजाही नहीं थी। अगले चार-पांच दिन में प्रभावित हिस्से की बर्फ हटा दी जाएगी।



## तैयारी: 13 अप्रैल को प्रियंका गांधी रामनगर और रुड़की में

देहरादून

हमारे संवाददाता

13 अप्रैल को राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की चुनावी जनसभा का कार्यक्रम तय हो गया है। गढ़वाल सीट के रामनगर में पार्टी प्रत्याशी गणेश गोदियाल के लिए वोट मांगेंगी।

कांग्रेस की स्टार प्रचारक और पार्टी राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की 13 अप्रैल को गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के रामनगर और हरिद्वार सीट के रुड़की में चुनावी रैली होगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने रैली की तैयारियां शुरू कर दी हैं। चुनावी घोषणा के बाद कांग्रेस की यह पहली चुनावी रैली होगी। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी ने बताया, 13 अप्रैल को राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की चुनावी जनसभा का कार्यक्रम तय हो गया है। गढ़वाल सीट के रामनगर में पार्टी प्रत्याशी गणेश गोदियाल के लिए वोट मांगेंगी। इसी दिन हरिद्वार सीट के रुड़की में चुनावी जनसभा में पार्टी प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह के लिए प्रचार करेंगी। प्रियंका दिल्ली से हेलिकॉप्टर से 11.50 बजे राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ग्राउंड, रामनगर (नैनीताल) पहुंच कर जनसभा को संबोधित करेंगी। इसी दिन अपराह्न तीन बजे डीएवी ग्राउंड रुड़की (हरिद्वार) में चुनावी जनसभा होगी। जोशी ने बताया कि पार्टी ने तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि पूरे जोश के साथ प्रियंका गांधी की चुनावी जनसभा को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी में जुट जाएं।

### हल्द्वानी स्पोर्ट्स हास्टल के विनीत का नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयन



**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय फुटबाल चैंपियनशिप के लिए हल्द्वानी स्पोर्ट्स हास्टल के खिलाड़ी विनीत जंगपांगी का चयन उत्तराखंड की टीम में हुआ है। जंगपागी रायपुर छतीसगढ़ में 12 अप्रैल से आयोजित होने वाली स्वामी विवेकानंद अंडर-20 नेशनल प्रतियोगिता में प्रति ाग करेंगे। विनीत की इस उपलब्धि पर सहायक निदेशक खेल रशिका सिद्दीकी, जिला क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, कोच किशोर पाल, त्रिलोक जीना, विनय जोशी, महेश बिष्ट, आनंद देव, गोपाल नेगी, भागवत मेर, गोविंद लटवाल आदि ने हर्ष जताते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## गाड़ी से 2.39 लाख की नगदी बरामद

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

लोकसभा चुनाव में धनबल के प्रयोग को रोकने के लिए के लिए एसएसटी-एफएसटी और पुलिस टीमें पूरी मुस्तैदी से आने जाने वालों की चैकिंग कर रही हैं ताकि चुनाव में धन बल के प्रयोग का रोका जा सके।

एसएसपी पीएन मीणा के नेतृत्व में जिला पुलिस लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, सकुशल, पारदर्शी एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए पूरी तरह से तैयार है। आदर्श आचार संहिता लागू होने से साथ ही थाना स्तर पर गठित पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों, जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले वाहनों की सतर्कता एंव गहनता से सघन चैकिंग की जा रही है। इसी क्रम में लालकुआं के प्रभारी निरीक्षक डीसी फर्त्याल के नेतृत्व में एसएसटी-एफएसटी और पुलिस टीम ने सुभाषनगर बैरियर पर वाहन स्वामी



दिव्यांश चावला पुत्र ओम कुमार चावला निवासी राजेंद्र नगर थाना प्रेम नगर जनपद बरेली उत्तर प्रदेश के पास से 2 लाख 39 हजार रुपए बरामद की है।

वाहन स्वामी दिव्यांश चावला उक्त धनराशि के सम्बन्ध में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाए जिस कारण से बरामद धनराशि जब्त कर धनराशि जिला निर्वाचन कार्यालय जमा कराई गई है। पुलिस टीम में एसआई गौरव जोशी एसएसटी प्रभारी देवेंद्र प्रसाद, हे.कां. त्रिलोक सिंह रौतेला, ब्रजेश कुमार, कां. .खीमसिंह दानू, फारेस्ट गार्ड सुरेश, गीता के अलावा एफएसटी टीम से कृष्णानंद जोशी, अवर उप निरीक्षक कैलाश चंद्र, कां. मोहन किरोला शामिल रहे।

# बुजुर्ग, दिव्यांग व पहली बार मतदान करने वाले युवा सम्मानित

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) जिला निर्वाचन नैनीताल के बैनर तले एसटीएच आडिटोरियम में युवा मतदाता महोत्सव का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह शाह, जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस बीच मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा.बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने वीसी के माध्यम से युवाओं को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। कहा कि नैनीताल जिले में स्वीप का कार्य सराहनीय है। साथ ही इस बार मतदान प्रतिशत ज्यादा हो इसके लिए भी नोडल अधिकारी अपने स्तर से लोगों को मतदान के लिए अवश्य जागरुक करें। इस दौरान करीब 85 से अधिक आयु के 8 मतदाता और 10 दिव्यांग मतदाता तथा प्रथम बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं को प्रशस्ति पत्र और शॉल ओढ़ाकर स मानित किया गया। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी शाह ने कहा कि स्वीप मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अच्छी पहल है। सभी विभागों को मतदान प्रतिशत और मतदाताओं को जागरुक करने के लिए जि मेदारी सौंपी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना ने बताया कि स्वीप की टीम से सभी बूथ से नए वोटरों को आमंत्रित कर युवा मतदाता महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें नए मतदाताओं को वोटर आईडी दी गई और बूथ जागरूकता ग्रुप का सदस्य बनाया गया। जिससे अपने बूथ में 100 प्रतिशत मतदान करवाने में सहयोग कर सकेंगे। उन्होंने सभी मतदाताओं से प्रलोभन और लालच के बिना मतदान करने की अपील की। इस दौरान युवा मतदाता महोत्सव में महिला मतदाता बबीता मेहरा और पुष्पा बिष्ट को भिटौली पर्व से जोड़ते हुए स मानित किया गया। ट्रांसजेंडर मतदाता किरण और शीला ने सभी से मतदान का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी



**आयोजन**

● स्वीप ने कराया मतदाता महोत्सव का आयोजन

भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। नोडल अधिकारी स्वीप अशोक कुमार ने कहा कि युवा मतदाता महोत्सव का मुख्य उद्देश्य नए और युवा मतदाताओं को मतदान के जागरुक करने के साथ गांव और शहरी इलाकों में भी लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। इस दौरान उन्होंने स्वीप प्रगति रिपोर्ट की भी विस्तृत जानकारी दी। नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने कहा कि चुनाव में मतदाताओं को किसी तरह की समस्या नहीं हो इसके लिए सभी बूथों में बुजुर्गों-दिव्यांगों के बैठने की उचित व्यवस्था, स्वास्थ्य आदि की सुविधा आदि भी की गई है। इस दौरान बिड़ला भीमताल-हल्द्वानी के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक और महिला समूह ने लोक गीत के माध्यम से मतदान के लिए जागरूक किया।

## हिंदू नव वर्ष पर हनुमान चालीसा का पाठ किया

**नैनीताल ।** हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 2081 एवं चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष पर विश्व हिंदू परिषद; बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी तथा मातृ शक्ति द्वारा मंगलवार को हंस कीर्ति आश्रम में पांच हनुमान चालीसा का पाठ कराया गया,इस दौरान खीर का प्रसाद का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में जिला सह मंत्री विवेक वर्मा, प्रखड़ मंत्री प्रकाश नोटियाल, संयोजक गौरव हार्पर, सह संयोजक कुनाल बेदी, सत्संग प्रमुख मयंक ,अधिवक्ता नितिन कार्की, मातृ शक्ति संयोजिका रश्मि, वरिष्ठ संयोजिका गीता समेत कनिष्ठ संयोजिका मालती, दुर्गा वाहिनी की संयोजिका वैशाली, सह संयोजिका रेनू, विद्यार्थी प्रमुख आद्या,रजनी, ईश्वरी, ममता, सुनीता, पायल, हीरा,गोविंद सिराला, अंशु, पार्वती तथा प्रेमा आदि मौजूद रही।



## मल्लीताल में ईदउल फितर को लेकर पीस कमेटी की बैठक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के कोतवाली मल्लीताल में ईदउल फितर के मौके पर आयोजित होने वाली नमाज की सफलता को लेकर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन मंगलवार को कोतवाल हरपाल सिंह की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक के दौरान ईद उल फितर की नमाज को लेकर चर्चा की गई। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया नमाज से आधे घंटे पूर्व यातायात को डाइवर्ट पंत पार्क से डीएसए पार्किंग होते हुए किया जाएगा। उन्होंने अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारी से व्यवस्था को दुरुस्त करने की अपील भी की। उन्होंने कहा अपने वॉलिंटियर्स भी लगाकर शांतिपूर्वक ढंग से नमाज अदा करवाई जाए क्योंकि चुनाव का समय चल रहा है और पुलिस की संख्या कम है उसको देखते हुए यह निर्णय लिया गया जिस पर अंजुमन इस्लामिया ने सहमति जताते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष शोएब शमसी, सचिव जमाल सिद्दीकी, पेश इमाम जामा मस्जिद मुफ्ती अजमल कासमी, हारुण खान पम्मी युसूफ खान अजमल हुसैन काली लाल के इमाम नईम अहमद, हारुन खान पम्मी, मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष नाजिम बख्श, मोहम्मद शाद, समीर अली,फैसल खान, नाजिम, शहवेज अहमद, मोहम्मद खालिद,आरिफ हुसैन, मोहम्मद आसीम सहित अन्य दर्जनों मुस्लिम समाज के लोग मौजूद थे।

## होटल व रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने विवाह में सहयोग राशि दी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर का सामाजिक कार्यों में प्राथमिकता से प्रतिभाग करने वाला होटल व रेस्टोरेंट एसोसिएशन नैनीताल द्वारा नवरात्रों के पहले दिन जरूरतमंद कन्या के विवाह में सहयोग राशि दे कर परिवार की मदद की है। बता दें कि नगर के केन्फील्ड निवासी राजेंद्र आर्य की पुत्री रेनू का 16 अप्रैल (मंगलवार) को विवाह है जिसके लिए होटल वह रेस्टोरेंट एसोसिएशन द्वारा परिवार की आर्थिक रूप से मदद की है। इसके बाद परिजनों द्वारा संगठन का आभार व्यक्त किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने कहा कि जैसे ही हमें पता चला कि परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और 16 अप्रैल को उनकी पुत्री की शादी है तो होटल एसोसिएशन ने हमेशा की तरह परिवार की मदद करने की सोची जिसके लिए उनको 21 हजार रुपये का चेक दिया गया साथी अन्य कार्यों में भी उनकी मदद की गई है तथा और जरूरत पड़ने पर मदद का आश्वासन दिया है। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष दिनेश साह तथा महासचिव वेद साह आदि मौजूद रहे।



## NEWS / फटाफट

### वसूली करने वाली महिला पत्रकार और प्रेमी की कातिल महिला पुलिस की पकड़ से दूर

**हल्द्वानी।** प्रेमी के कत्ल के आरोप में फरार महिला और एक अधिकारी को ब्लैकमेल कर उगाही करने वाली महिला पत्रकार पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। पुलिस इन दोनों को अभी तक नहीं पकड़ पाई है। महिला पत्रकार पर ईनाम भी घोषित है। वनभूलपुरा हिंसा के अगले दिन गौला बाईपास रोड स्थित आंवला चौकी गेट के पास छिपे गांव भोजपुर सिन्हा, बिहार निवासी 25 वर्षीय प्रकाश कुमार सिंह उर्फ अविराज पुत्र श्याम देव सिंह का शव बरामद हुआ था। जब शव मिला तो इसे हिंसा से जोड़कर देखा गया। बाद मे जब खुलासा हुआ तो मामला अवैध संबंध का निकला। जिसके बाद सिपाही वीरेंद्र सिंह उसकी पत्नी प्रियंका, नईम खान समेत पांच लोगों ने मिलकर प्रकाश की हत्या की। वीरेंद्र की पत्नी बंगाल की रहने वाली है ऐसे में उसकी तलाश में वहां भी दबिश दी गई लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं लग पाया। इधर सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय विजिलेंस अधिकारी बनकर पहुंचे भूपेंद्र, सुंदर सिंह, सौरभ गाबा और साक्षी सक्सेना ने कार्यालय में तैनात प्रधान सहायक को ब्लैकमेल किया था ।

## आदित्य बिरला एजुकेशन ट्रस्ट एवं सेवा संकल्प का जागरूकता कार्यक्रम

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

10 अप्रैल सेवा संकल्प एवं आदित्य बिरला एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा बरेली रोड, हल्द्वानी स्थित दून कॉन्वेंट स्कूल में मेंस्ट्रूअल हाइजीन एंड प्यूबर्टी विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री कृष्णा जोशी , सेवा संकल्प के संस्थापक श्री शिव कुमार श्रीवास्तव तथा केंद्रीय सदस्य श्री विपुल शंकर द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई। उजास कार्यक्रम के अंतर्गत मासिकधर्म एवं स्वास्थ्य संबंधित और मिथक को दूर करने की जानकारी दी गई। जहां विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को जागरूक किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं को मासिकधर्म, महिलाओं के उत्तम स्वास्थ्य के लिए साफ सफाई और खान-पान के महत्व के विषय में सेवा संकल्प की केंद्रीय मंत्री सुश्री सुखप्रीत कौर, वरिष्ठ सदस्य अनीता सूद, राष्ट्रीय समन्वयक फंड रेजिंग इवेंट लवलीन छाबड़ा और स्वयं सेवक शृष्टि और पूजा द्वारा उपस्थित बच्चियों एवं शिक्षिकाओं एवं आसपास के क्षेत्र की अन्य महिलाओं को संबंधित विषय पर जानकारी दी गई।

इस कार्यक्रम में वरिष्ठ समन्वयक श्री सारिपुत्र कामबले और उजास के जूनियर परियोजना समन्वयक श्री अतुल साथर भी मौजूद रहे। वरिष्ठ स्त्री और प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जय श्री तिवारी, वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रदीप पंत, दंत चिकित्सक डॉ मनीष, वरिष्ठ कॉस्मेटोलॉजिस्ट डॉ दिव्यज्योति तथा वरिष्ठ होम्योपैथी चिकित्सक डॉ उमेश चंद्र पंत द्वारा शिक्षकों, अभिभावकों, विद्यार्थियों तथा क्षेत्र के विभिन्न निवासियों की निशुल्क जांच करके परामर्श दिया गया। प्रधानाचार्य श्री कृष्णा जोशी ने आमंत्रितों का स्वागत किया। उन्होंने यह भी बताया कि यह विषय स्कूलों के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम में सेवा संकल्प से उत्तराखंड से स्वयंसेवी सदस्य सुश्री पूजा बिष्ट, सृष्टि, वीरेंद्र यादव, लवकुश एवं शिक्षक मौजूद रहे।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के रोड-शो एवं नुक्कड़ सभा की तैयारीयों को लेकर बैठक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी में नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में मल्लीताल स्थित गोवर्धन हाल में पूर्व विधायक संजीव आर्य की अध्यक्षता में नैनीताल-उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी की आगामी 13 अप्रैल (शनिवार) को होने वाले रोड-शो एवं नुक्कड़ सभा की तैयारीयों को लेकर बैठक हुई।

इस दौरान बैठक में पूर्व विधायक संजीव आर्य ने सभी कांग्रेस जनों = महिला कांग्रेस, युथ कांग्रेस,एनएसयूआई, विधि कांग्रेस अल्पसंख्यक कांग्रेस व अन्य सभी फ्रंटल संगठनों से एकजुट होकर कांग्रेस के लिए मजबूती से कार्य करते हुए आगामी उक्त रैली को ,जिसमें प्रकाश जोशी जी स्वयं भी उपस्थित रहेंगे, को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक का संचालन नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल ने किया।

इस मौके पर बैठक में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शार्दुल नेगी के नेतृत्व में एनएसयूआई का स्थापना दिवस भी मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी मुन्नी तिवारी, मां नैना देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्र राजीव लोचन शाह जी का शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता और इंडिया गठबंधन से जुड़े सभी लोग उपस्थित रहे।



# अभिमत

## स्थानीय मुद्दे और चुनाव

*चुनाव प्रचार के शोर में वोटर खामोश नजर आ रहा है। मतदाता जागरूक है और उसके मन की गहराई में जाना आसान नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे के सामने मुद्दे फीके पड़ जाते हैं। भाजपा ने तीन दर्जन से अधिक स्टार प्रचारक उतारकर प्रतिद्वंदियों पर बढ़त हासिल कर ली है। उत्तराखंड में पूर्व सैनिकों का वोट भी निर्णायक साबित होता है। भाजपा के कार्यकर्ता पूर्व सैनिकों के बीच पैंठ बनाते रहे हैं। कांग्रेस के राज्य स्तर के नेताओं में गुटबाजी और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की निष्क्रियता से पार्टी उम्मीदवारों को अपने दम पर चुनाव प्रचार करना पड़ रहा है। मुद्दे उछाले जा रहे हैं, मतदाता शांत है। चुनाव नतीजों में हार-जीत का अंतर बतायेगा कि कौन सा मुद्दा कारगर साबित हुआ।*

उत्तराखंड में लोकसभा की पांचों सीटों पर चुनाव की तस्वीर साफ होती जा रही है। भाजपा के प्रत्याशी डबल इंजन सरकारों की उपलब्धियों को मुद्दा बनाकर विजयी होने के लिए आश्वस्त हैं। केन्द्र की भाजपा सरकार की उपलब्धियों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्य के लिए घोषित योजनाओं का प्रचार भाजपा प्रत्याशी कर रहे हैं। केन्द्र की योजनाओं को धरातल पर उतारने को राज्य सरकार अपनी उपलब्धि मानती है, इसी लिए भाजपा प्रत्याशी विकास कार्य गिना रहे हैं। राज्य में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के प्रत्याशियों के पास उपलब्धियां गिनाने के लिए नहीं हैं। कांग्रेस के उम्मीदवार प्रधानमंत्री मोदी पर युवाओं को रोजगार देने का वायदा पूरा नहीं करने का आरोप लगा रहे हैं, हालांकि यह चुनावी मुद्दा नहीं बन पाया है। उत्तराखंड में भर्ती घोटाले और अंकिता भंडारी हत्याकांड को राज्य सरकार की नाकामी बताकर मुद्दा बनाया जा रहा है। भर्ती घोटाले से युवाओं के प्रभावित होने का कांग्रेस को भरोसा है। अंकिता भंडारी हत्याकांड से महिलाओं के वोट पर असर पड़ने की उम्मीद कांग्रेस को है। यह बात जरूर है कि महिला और युवा उत्तराखंड के साथ ही पूरे देश में निर्णायक हैं, लेकिन कांग्रेस इन निर्णायक वोटों को हासिल करने में कामयाब हो सकेगी, यह तस्वीर साफ नहीं है। भाजपा का संगठन मजबूत है। महिलाओं व युवाओं के विषय में भाजपा संगठन ने अनेक कार्यक्रम आयोजित करके जनाधार मजबूत करने का काम करीब दो साल पहले शुरू कर दिया था। राज्य सरकार ने महिलाओं के हित में कई योजनाएं शुरू की हैं। भर्ती घोटाले उजागर होते ही जांच के आदेश देने और गिरफ्तारी करने में देरी नहीं की। इसी दौरान परीक्षा में नकल और पेपर लीक होने का खुलासा होने पर भर्ती रद्द कर दी गई। राज्य की भाजपा सरकार इसे भ्रष्टाचार के विषय में जीरो टॉलरेंस मान रही है, लेकिन विपक्ष का कहना है कि भर्ती रद्द करने से युवा रोजगार से वंचित हो गये हैं। चुनाव प्रचार के शोर में वोटर खामोश नजर आ रहा है। मतदाता जागरूक है और उसके मन की गहराई में जाना आसान नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे के सामने मुद्दे फीके पड़ जाते हैं। भाजपा ने तीन दर्जन से अधिक स्टार प्रचारक उतारकर प्रतिद्वंदियों पर बढ़त हासिल कर ली है। उत्तराखंड में पूर्व सैनिकों का वोट भी निर्णायक साबित होता है। भाजपा के कार्यकर्ता पूर्व सैनिकों के बीच पैंठ बनाते रहे हैं। कांग्रेस के राज्य स्तर के नेताओं में गुटबाजी और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की निष्क्रियता से पार्टी उम्मीदवारों को अपने दम पर चुनाव प्रचार करना पड़ रहा है। मुद्दे उछाले जा रहे हैं, मतदाता शांत है। चुनाव नतीजों में हार-जीत का अंतर बतायेगा कि कौन सा मुद्दा कारगर साबित हुआ।

# चुनाव बहिष्कार वाली बैठक में नहीं निकला कोई हल

**मुनस्यारी**

**हमारे संवाददाता**

चीन सीमा से लगे 25 ग्राम पंचायतों के चुनाव बहिष्कार की घोषणा के बाद आज स्थानीय प्रशासन द्वारा गई बैठक में कोई हल नहीं निकल पाया है। बैठक में भारतीय सेना सहित प्रमुख विभाग के जिम्मेदारी मौजूद नहीं रहे। जिसको लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने रोष व्यक्त किया।

बैठक में तय किया गया है कि चुनाव से पहले जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शीघ्र एक बैठक पिथौरागढ़ में बुलाई जाएगी। इस बैठक में हल निकालने का प्रयास किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट कर दिया है, कि वह चुनाव बहिष्कार के फैसले पर अडिग है। उन्होंने कहा कि वे आज से ही जनता के बीच जाकर बहिष्कार को सफल बनाने के अभियान में जुट जाएंगे।

तहसीलदार चंद्रप्रकाश आर्य की उपस्थिति में हुई बैठक में वन विभाग तथा उद्यान विभाग के स्थानीय अधिकारी उपस्थित रहे। इन विभागों के साथ ही भारतीय सेना सहित अन्य विभागों के जिला स्तर का एक भी



जिम्मेदार अधिकारी बैठक में उपस्थित नहीं रहने के कारण आम सहमति के लिए बुलाई गई बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों का गुस्सा और अधिक बढ़ गया है। बैठक में तय किया गया है कि वन विभाग, कुमाऊं मंडल विकास निगम, पर्यटन विभाग, खेल विभाग इस क्षेत्र में बने अपने स्ट्रक्चर की फोटो तथा माप पर एक रिपोर्ट बनाकर तहसीलदार के कार्यालय में जमा करेंगे।

वन विभाग तथा उत्तराखंड जल संस्थान पेयजल स्रोतों में फैली गंदगी पर फोटो सहित एक धरातलीय रिपोर्ट तैयार कर तहसीलदार कार्यकाल में शीघ्र जमा करेंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि तहसीलदार द्वारा इस क्षेत्र का भूगर्भीय सर्वेक्षण के लिए जिलाधिकारी को पत्र भेजा जाएगा। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने कहा कि बलाती फॉर्म तथा खलिया टॉप क्षेत्र से भारतीय सेवा को शिफ्ट करने तथा अन्य विभागों के मानव हस्तक्षेप को कम किए जाने की मांग को लेकर बुलाई गई बैठक में कोई नतीजा नहीं निकला है। बैठक में जोहार क्लब के अध्यक्ष केदार सिंह मर्तोलिया ने कहा की हम भारतीय सेना का दिल से सम्मान करते है, लेकिन उन्हें वाटर पॉइंट में रहने के इजाजत नहीं दे सकते है। व्यापार संघ के अध्यक्ष प्रमोद कुमार द्विवेदी ने कहा कि यह संवेदनशील मुद्दा है। इस पर जिला प्रशासन को तत्काल कदम उठाना चाहिए।

क्षेत्र पंचायत सदस्य ईश्वर सिंह कोरंगा ने कहा कि बलाती फॉर्म तथा खलिया टॉप क्षेत्र में लगातार भारी भू- स्खलन हो रहे है, इसलिए क्षेत्र का भूगर्भीय सर्वेक्षण भी किया जाना चाहिए। उत्तराखंड क्रांति दल के नेता लोक बहादुर सिंह जंगपांगी ने कहा कि मुनस्यारी के 25 ग्राम पंचायतें इस क्षेत्र से पानी पीती है। जल का सभी स्रोत इन्हीं इलाकों में है। इसलिए इसे बर्बाद नहीं होने दिया जा सकता है।

बैठक में सरमोली के ग्राम प्रधान नवीन राम, सुरिंग की ग्राम प्रधान ललिता मर्तोलिया, दरकोट की ग्राम प्रधान सावित्री पांगती,धापा की ग्राम प्रधान इन्द्रा रिलकोटिया,क्वीरीजिमिया की ग्राम प्रधान गजेंद्र सिंह क्वीरीयाल, सेवानिवृत्त पुलिस निरीक्षक नित्यानंद पंत, होटल एसोसिएशन के पूरन चंद पांडे, देवेंद्र सिंह देवा, रघुनाथ सिंह रावत, थानाध्यक्ष ईसी मासीवाल, रेंज अधिकारी विजय भट्ट, एडीओं उद्यान हरकोटिया आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा शराब तस्कर

**कालाढूंगी।** लोकसभा चुनाव में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस पूरी मुस्तैदी से नजर बनाए हुए हैं। पुलिस अब तक दर्जनों शराब तस्करों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में शराब बरामद कर चुकी है। कालाढूंगी पुलिस भी पूरी मुस्तैद नजर आ रही है। कां. रूचि दत्ता अन्य महिला सिपाहियों के साथ जिम कार्बेट चौराहा कालाढूंगी पर चैकिंग कर रही थी तभी एक बाइक सवार चैकिंग के दौरान सकपका उठा। तलाशी पर उसके पास से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र का नाम Sandeep से बदलकर Sandeep Kumar Pal कर लिया है। अत: भविष्य में मेरे पुत्र को Sandeep Kumar Pal S/o Prasant kumar Pal के नाम से जाना व पहचाना जाए। निवासी जेपी नगर -2 जपथ रोड फुलसुंगा रुद्रपुर

# हिन्दू नव संवत्सर के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

श्री राम सेवक सभा द्वारा हिन्दू नव संवत्सर के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान मुख्य अतिथि कूर्माचल नगर सहकारी बैंक के अध्यक्ष विनय साह, विशिष्ट अतिथि पद्मश्री अनूप साह तथा संस्था के अध्यक्ष मनोज साह एवं संस्था के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सर्व प्रथम आचार्य भगवती प्रसाद जोशी द्वारा वार्षिक राशिफल एवं संवत्सर बताया गया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सरस्वती विद्या मंदिर के बाल कलाकारों द्वारा माता भगवती मैय्या गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। श्री राम सेवक सभा के बाल कलाकारों द्वारा महिषासुर वध विषय पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इससे पूर्व सरस्वती विद्या मंदिर के



विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा विगत वर्षों की तरह शोभा यात्रा निकाली गई। फोटोग्राफी प्रतियोगिता के आयोजक सचिव हिमांशु जोशी ने बताया कि श्री रामसेवक सभा द्वारा आयोजित फागोत्सव 2024 के अंतर्गत कुर्मांचल नगर सहकारी बैंक लिमिटेड द्वारा प्रायोजित फोटोग्राफी प्रतियोगिता का ऑनलाइन माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय फोटोग्राफर पद्मश्री अनूप साह, श्रीष कपूर ल प्रदीप पांडे द्वारा मूल्यांकन किया गया था जिसमें प्रथम प्रमोद प्रसाद, द्वितीय नमन कांडपाल व तृतीय समय राज साह तथा सांत्वना पुरुस्कार उदित साह, विमल जोशी, वंश जोशी तथा प्रखर साह को अतिथियों द्वारा भेंट किए गए। संस्था के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने बताया कि प्रथम पुरुस्कार 7500 रुपएं, द्वितीय पुरुस्कार 5000रुपएं, तृतीय पुरूस्कार 3500 तथा चार सांत्वना पुरस्कार 1000-1000 रुपएं के प्रदान किए गए। संचालन मुकेश जोशी ने किया।

## फिल्मी दुनिया

# अक्षय कुमार ने किया दिलचस्प खुलासा



*अक्षय कुमार बॉलीवुड में अपनी जिंदादिली के लिए महशूर हैं। उन्होंने इंडस्ट्री को हेरा फेरी, भूल भुलैया और वेलकम जैसी कई हिट फिल्में दी हैं। इन फिल्मों में अक्षय कुमार ने अपनी जबरदस्त कॉमेडी टाइमिंग दिखाई है। बॉलीवुड में एक्शन और अपनी कॉमेडी टाइमिंग के लिए मशहूर अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस फिल्म में वे टाइगर श्रॉफ के साथ धांसू एक्शन करते नजर आने वाले हैं। अक्षय फिल्म की प्रमोशन में कोई कोताही नहीं बरतना चाहते हैं। हाल ही में इंटरव्यू के दौरान वे फिल्मों में अपनी कॉमेडी टाइमिंग और उनके डायलॉग के बारे में खुलकर बातें करते दिखाई दिए। अक्षय कुमार बॉलीवुड में अपनी जिंदादिली के लिए महशूर हैं। उन्होंने इंडस्ट्री को हेरा फेरी, भूल भुलैया और वेलकम जैसी कई हिट फिल्में दी हैं। इन फिल्मों में अक्षय कुमार ने अपनी जबरदस्त कॉमेडी टाइमिंग दिखाई है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेता ने कहा कि उन्हें निजी जिंदगी में मस्ती काफी पसंद है। वे खुश रहने के लिए मौज-मस्ती करते रहते हैं। अक्षय कुमार कहते हैं, अगर आप फिल्म दे दना दन, भागम भाग और मुझ से शादी करोगे के डायलॉग्स को ध्यान से सुनोगे तो वे आपको एक ही शैली के लगेंगे। उनमें से कुछ अच्छे डायलॉग्स भी हैं और कुछ औसत दर्जे के, लेकिन उन सभी डायलॉग के पीछे सोच एक ही है। मुझे बहुत मस्ती सूझती रहती है। वो डायलॉग लिखे नहीं गए हैं बल्कि वे मेरे अंदर से निकले हैं।*

## राजकुमार संतोषी हैं गुरु

*बड़े मियां छोटे मियां स्टार अक्षय कुमार ने अपने करियर की शुरुआत में सौगंध, खिलाड़ी, मोहरा और खिलाड़ियों का खिलाड़ी जैसी एक्शन से भरपूर में काम किया है। बाद में वे कई कॉमेडी फिल्मों में नजर आए। अक्षय कहते हैं, मुझे कॉमेडी टाइमिंग सीखाने का और मेरी क्षमता को निखारने का श्रेय प्रियदर्शन और राजकुमार संतोषी को जाता है।*

# विधायक बिष्ट ने कांग्रेस को दिया एक और बड़ा झटका

**लालकुआं**

**हमारे संवाददाता**

भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट के नेतृत्व में भाजपा में भर्ती अभियान जारी, पार्टी अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने देहरादून में कांग्रेस के 6 बड़े नेताओं को भाजपा में कराया शामिल।

भाजपा में शामिल होने वालों में लाल कुआं नगर के निवर्तमान अध्यक्ष लाल चंद्र सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी सरदार गुरदीप सिंह, पूर्व जिला कांग्रेस महामंत्री जीवन चंद्र कबडवॉल,कीर्ति पाठक,ग्राम प्रधान कुंवरपुर गोलापार हरेंद्र बिष्ट, पूर्व ग्राम प्रधान देवला मल्ला बची सिंह बिष्ट, शामिल हैं। सरदार गुरदीप सिंह ने कुछ दिन पूर्व ही कांग्रेस पार्टी को अलविदा कह दिया था और आज वह विधायक मोहन सिंह बिष्ट के नेतृत्व में भाजपा के अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के समक्ष देहरादून में भाजपा में शामिल हो गए हैं। पिछले कुछ दिनों से बड़ी पार्टियों के कई नेताओं में समर्थकों संग केसरिया ओढ़ने की होड़ सी लग गई है। विपक्षी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बड़ी संख्या में लालकुआं विधायक मोहन सिंह बिष्ट भाजपा ज्वाइन करवा रहे हैं।



# चैत्र नवरात्रि: दूसरे दिन करें मां ब्रह्मचारिणी की पूजा



नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की जाएगी। ब्रह्मचारिणी माता सौभाग्य और संयम प्रदान करने वाली हैं। नवरात्रि में मां देवी को प्रसन्न करने के लिए पूरे विधि-विधान से पूजा की जाती है। बता दें, मां देवी ब्रह्मचारिणी साक्षात ब्रह्म का स्वरूप है अर्थात तपस्या का मूर्तिमान रूप है। ब्रह्म का मतलब तपस्या होता है, वहीं चारिणी का मतलब आचरण करने वाली। इस तरह ब्रह्माचारिणी का अर्थ है- तप का आचरण करने वाली देवी। मां ब्रह्माचारिणी का रूप मन मोह लेने वाला है। उनके दाहिने हाथ में मंत्र जपने की माला और बाएं में कमंडल होता है। ऐसी मान्यता है कि मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से सभी रूके हुए कार्य पूरे हो जाते हैं। इसके अलावा जीवन से हर तरह की परेशानियां भी खत्म होती हैं। मां देवी की पूजा करने के लिए कुछ विशेष मंत्रों का जाप भी किया जाता है। आइए मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने की विधि व मंत्र को विस्तारपूर्वक जान लेते हैं। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, देवी ब्रह्मचारिणी ने भगवान शिव शंकर को अपने पति के रूप में पाने के लिए बेहद ही कठिन तपस्या की थी। अपने तप के दौरान उन्होंने केवल बेल पत्र का सेवन किया था। बाद में इसे भी खाना त्याग कर निर्जल और निराहार रहकर तप करती रहीं। कई हजार वर्षों की घनघोर तपस्या के बाद भगवती ने अपने तप से भगवान शिव को प्रसन्न किया था। कठोर साधना और ब्रह्म में लीन रहने के कारण भी इनको ब्रह्मचारिणी कहा गया है। पौराणिक कथा के अनुसार, देवी की इस कठिन तपस्या को देखकर हर तरफ हाहाकरा मच गया। इसके बाद ब्रह्मा जी ने आकाशवाणी करते हुए देवी से कहा कि आजतक ऐसी तपस्या किसी ने नहीं की।

## मां ब्रह्मचारिणी की पूजा विधि

मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने के लिए ब्रह्ममुहूर्त में उठकर स्नान कर लें।

पूजा की सारी सामग्री तैयार कर लें और आसन बिछाएं।

मां ब्रह्मचारिणी को फूल, अक्षत, रोली, चंदन आदि चढ़ाएं।

इसके बाद भोगस्वरूप पंचामृत चढ़ाएं और मिठाई का भोग लगाएं।

साथ ही माता को पान, सुपारी, लौंग अर्पित करें। बाद में आरती गाकर पूजा करें।

मां ब्रह्माचारिणी मंत्र

1. या देवी सर्वभूतेषु माँ ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।
2. दधाना कर पद्माभ्याम अक्षमाला कमण्डलू।
देवी प्रसीदतु मई ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।



## News कॉर्नर

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**रुद्रपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने आपदा प्रबंधन कार्यालय में स्थापित निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। जिसमें जिलाधिकारी ने टोल फ्री नं. 1950 पर प्राप्त शिकायतों का विवरण से संबंधित रजिस्टर की जांच की जिसमे वर्तमान तक 954 शिकायतों का निस्तारण कर लिया गया है। इसके अलावा उन्होंने अतिरिक्त वोटर हेल्पलाइन एनजीएसपी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा की?। जिसमें 1022 शिकायतों के सापेक्ष 1015 शिकायतें निस्तारित पाई गई तथा 7 शिकायत पर कार्रवाई गतिमान पाई गई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी एवं समस्त कंट्रोल रूम अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

### आठवीं की छात्रा के अपहरण के आरोप झूठे निकले

**नैनीताल।** तल्लीताल क्षेत्र स्थित एक प्रतिष्ठित स्कूल की आठवीं की छात्रा के अपहरण के आरोप झूठे निकले। सीसीटीवी फुटेज और छात्रा से पूछताछ के बाद इस तरह का कोई भी मामला ही नहीं निकला। ढाई घंटे तक छात्रा की काउंसलिंग करने के बाद पुलिस ने उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पूछताछ में छात्रा द्वारा डर से कहानी गढने की बात सामने आई है। बता दे कि सोमवार देर शाम शहर के प्रतिष्ठित स्कूल में अध्यनरत आठवीं की छात्रा ने एक युवक द्वारा उसका अपहरण का प्रयास किए जाने की जानकारी परिजनों को दी थी। सूचना के बाद तल्लीताल पुलिस तत्काल मौके की छानबीन में जुट गई। देर रात तक पुलिस ने क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे खंगाले मगर उसमें कुछ भी नजर नहीं आया। मंगलवार को पुलिस ने जब छात्रा से पूछताछ की तो लगाए गए आरोप निराधार निकले।

# खून से लथपथ मिला महिला का शव, क्षेत्र में सनसनी फैल गई

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

किराए के मकान में रह रही एक महिला का शव बरामद हुआ है। महिला रूद्रपुर की रहने वाली है। बताया जा रहा है कि वह नीलांचल कालोनी रामपुर रोड में एक मकान में किराए पर रह रही थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। कमरे में महिला का शव बरामद होने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। मूलरूप से रूद्रपुर की रहने वाली महिला आस्था उर्फ अफसाना रामपुर रोड स्थित नीलांचल कालोनी फेस 5 शिवा कालोनी में गंगाराम मौर्य के मकान में पिछले तीन महीने से किराए पर रह रही थी। महिला का पति महीने में एक दो बार ही यहां पर आता था। बुधवार को महिला का शव संदिग्ध हालत में कमरे में पाया गया। मकान स्वामी ने मामले की सूचना टीपी नगर चौकी को दी। सूचना मिलने के बाद टीपी नगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। वही कोतवाल उमेश मलिक भी मौके पर पहुंच गए। बताया जा रहा है कि अफसाना का पति 8 अप्रैल को उसका पति रात में नशे में चूर होकर आया और उसी रात 4 बजे दोनों बच्चियों को लेकर चला गया था। आस्था उर्फ अफसाना भी दो दिन तक कमरे से बाहर नहीं निकली। तब मकान मालिक मौर्य ने आस्था को फोन किया तो उसका फोन बंद आ रहा था जब वह बुधवार को आस्था से मिलने उसके कमरे की ओर गया तो कमरे में दुर्गंध आ रही थी मकान मालिक ने दो



मंजिले में जाकर देखा तो अफसाना खून से लथपथ पड़ी हुई थी। इसके बाद मकान स्वामी ने मामले की सूचना टीपी नगर चौकी पुलिस को दी जिसके बाद चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट, एसआई बबिता बिष्ट के अलावा कोतवाल उमेश मलिक भी पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है। महिला के साथ रहने वाले व्यक्ति का नाम गौरव बताया जा हरा है जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि वह महीने में एकाध बार ही यहां पर आता था। इस घटना से छेत्र में सनसनी फैल गई है।कोतवाल उमेश मालिक ने बताया की मकान मालिक ने किराएदार का सत्यापन नहीं कराया है।

# उत्तराखण्ड क्रांति दल के प्रत्याशी शिब सिंह ने किया जनसंपर्क

**धारी**

हमारे संवाददाता

नैनीताल उधमसिंह नगर से उत्तराखण्ड क्रांति दल से लोकसभा प्रत्याशी शिब सिंह ने आज भटेलिया, रामगढ़, भवाली में सम्पर्क किया। प्रत्याशी शिब सिंह देर शाम भटेलिया पहुंचे उन्होंने कहा भाजपा के सांसद अजय भट्ट ने पलायन, बेरोजगारी , शिक्षा, स्वास्थ व अग्निवीर आदि मुद्दो पर ठोस नीति नही बनाई । उनके पास पहाड़ के विकास का मॉडल नही है । पेपर लीक, अंकिता हत्या काण्ड पर तीखा हमला बोलते हुये कहा इसकी प्रति कभी अवाज़ नही उठाई ।

उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र भू-माभियाओं का अड्डा बना हुया । हमें जल, जमीन, जंगल के संघर्ष करके बचाना है किसी कीमत में पहाड़ की जमीनों नही बेचना है । देव भूमि के मतदाताओं को इस पर विचार करना चाहिऐ। डबल ईजन की सरकार फेल हो गई है। उत्तराखण्ड क्रांति दल के चुनाव निशान छड़ी को वोट करें यूकेडी प्रत्याशी को लोकसभा भेजे। इस मौके पर प्रताप चौहान, अर्जुन देव, जगदीश कठैत, मनोज नेगी , लोकेश वर्मा आदि यूकेडी के कार्यकर्ता मौजूद रहे ।



# नैनीताल में पेयजल सप्लाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमाराई

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

पानी के संकट की वजह से प्राकृतिक जलस्त्रोतों के आसपास पानी के लिए लोगों की कतार लग रही है। पानी की दिक्कत की वजह से घरों में रोजमर्रा के काम बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

बता दें कि इन दिनों नैनीताल में पेयजल सप्लाई की व्यवस्था पूरी तरह से चरमारा गई है। क्षेत्र के किसी भी वार्ड के लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। ऐसी अव्यवस्था कई दिनों से से बनी हुई है, लेकिन पेयजल समस्या दूर करने के लिए जल संस्थान गंभीर नहीं है। शेरवानी, सैनिक स्कूल, बारमोरल कम्पाउड, हंस निवास, स्नोव्यू क्षेत्र तथा तारा हॉल आदि क्षेत्र में पानी सप्लाई सही से नहीं की जा रही है। विभाग के लाइनमैनों के फोन भी बंद आ रहे हैं। कार्यालय में अधिकारी नहीं मिल रहे हैं लेकिन विभाग की ओर से पेयजल का बिल पूरा लिया जा रहा है।

### नैनीताल से रोडवेज बसों का केवल चार रूटों पर ही बसों का संचालन

**नैनीताल** । पहले से ही दुश्वारियों से जूझ रहा रोडवेज के लिए लोक सभा चुनाव ने मुसीबत और बढ़ा दी है। बसों के चुनाव में चले जाने के बाद से रोडवेज की यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

बसों की कमी से नैनीताल से गोपेश्वर और देहरादून सुबह 7:15 बजे की बस सेवा बंद कर दी। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक नैनीताल से रोजाना विभिन्न शहरों के लिए रोडवेज की करीब 25 बसों का संचालन किया जाता है।

# सुभाष कॉलोनी मे नुककड़ सभा का आयोजन

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

विधायक शिव अरोरा की मौजूदगी में सुभाष कालोनी में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में नुककड़ सभा का आयोजन हुआ। नुक्कड़ सभा में विधायक ने सरकार की उपलब्धियां को गिनाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश की बागडोर देने की अपील की। विधायक ने कहा वहीं दूसरी ओर विपक्षी पार्टियों जनता को भ्रमित करने का कार्य किया जा रहा है, उनके पास विकास की कोई सोच नहीं है। नरेंद्र मोदी का एक-एक कार्यकर्ता आपके बीच में लगातार नजर आता रहता हैं। भट्ट के पक्ष में आने वाली 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा नरेंद्र मोदी ही एक ऐसा नेतृत्व है जिसके हाथो मे देश सुरक्षित है। इस दौरान भाजपा नेता रामप्रकाश गुप्ता, नेत्रपाल मौर्य, उपेन्द्र चौधरी,अमन पाल, सुरेश शर्मा, प्रमोद साहनी,सुग्रीव यादव आदि मौजूद रहे।



# पूर्व मेयर ने सिंह कालोनी में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के लिए मांगे वोट

**रुद्रपुर।** पूर्व मेयर रामपाल सिंह एवं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सिंह कालोनी में जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के लिए वोट मांगे।

इस दौरान रामपाल सिंह ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने दस साल के कार्यकाल में कई ऐतिहासिक फैसले लेकर देश को नई ताकत के रूप में आगे बढ़ाने का काम किया है। देश की जनता ने नरेंद्र मोदी पर भरोसा किया और इस भरोसे ने 2014 से 2024 के बीच देश में शांति समृद्धि और विकास की स्पीड भी दिखाई। सोचती है। युवा, किसान,व्यापारी, महिलाओं सबके हित में योजनाएं बनाई हैं जिनका लाभ आज हर वर्ग को मिल रहा है। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में जो ऐतिहासिक कार्य हुए हैं उनकी बदौलत इस बार प्रदेश फिर भाजपा पांचों सीटें जीतकर हैट्रिक बनाने जा रही है। इस अवसर पर राकेश सिंह, आदेश राणा, वरुण गहलोत, दिलप्रीत सिंह, अनिल छाबड़ा, संजय कुमार, नरेश राजपूत, पार्षद सुशील चौहान, अंबर सिंह सतपाल गंगवार प्रशांत शरण बाजपेई, प्रशांत सिंह, राजेंद्र अग्रवाल, हुकुम सिंह, शिवकुमार शिब्बू, दिव्यांग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक हरीश चौधरी रहे।

# रुद्रपुर में संस्कार भारती ने राहगीरों को तिलक लगाकर मनाया हिंदू नव वर्ष

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

मंगलवार को संस्कार भारती रुद्रपुर ने हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का कार्यक्रम आयोजित कर ढोल नगाड़ों के साथ धूमधाम से मनाया। इस दौरान भगत सिंह चौक से महाराजा रणजीत सिंह चौक तक दुकानदारों और राहगीरों को हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए मांथे पर तिलक लगा कर भारतीय नववर्ष को मनाने के लिए प्रेरित किया। बताया कि आज नवरात्रे का प्रथम दिवस है इस अवसर पर संस्कार भारती एवं सभी सामाजिक संस्थाएं पूरे भारत वर्ष में हिंदू नव वर्ष बड़े धूमधाम से मना रहे है । नव वर्ष पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर संस्कार भारती परिवार के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने इस कार्यक्रम में हर्षोल्लास से भाग लिया ।कार्यक्रम में विमल मेहरा, कुशल अग्रवाल, सुषमा अग्रवाल, युवराज रघुवंशी, प्रदीप अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, संजय ठुकराल, शैली बंसल, अशोक सागर, मोती प्रसाद साहू, श्याम मोहन चन्द्र कांडपाल, रश्मि रस्तोगी,शालनी बोरा, अलका अरोरा, विजय कक्कड़,प्रमोद मित्तल, मनीष मित्तल, अंकित चांदना मौजूद रहे।

